<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
आईदानराम ग्वाला
बनाम
लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)
सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353878130898803</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>09/03/26</td><td>अपीलार्थी आईदानराम ग्वाला निवासी पातो की वासनी पोस्ट सावंत कुआ खुर्द तहसील बावड़ी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 18.12.2025 कार्यालय सम्भागीय आयुक्त जोधपुर के द्वारा क्रमांक 377 दिनांक 31.07.2025 को दिये गये प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज के संबंध में सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 274 दिनांक 24.02.2026 द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक का आवेदन कार्यालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर से संबंधित होने के कारण कार्यालय पत्र दिनांक 22.12.2025 द्वारा अंतरित कर दिया गया है, जिसकी प्रति प्रार्थी को भी पृष्ठांकित की गई थी।

अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.09 13:22:53 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20925338